पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 07 अभियुक्त तथा एन0बी0डब्लू0 में कुल 05 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक-15.04.2024

दिनांक 14/15.04.2024 को थाना दुबग्गा 02, कृष्णानगर 01, मड़ियांव 01, सुशान्त गोल्फ सिटी 01, ठाकुरगंज 01, विभूतिखण्ड 01, अभियुक्त तथा एन0बी0डब्लू0 में थाना इटौंजा 01, मडियांव 02, दुबग्गा 01, आलमबाग 01, अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 07 तथा एन0बी0डब्लू0 में कुल 05 अभियुक्त गिरफ्तार।

डी0सी0पी0पूर्वी

अवैध शराब के साथ गिरफ्तार।

थाना मोहनलालगंज:- दिनांक 14.04.2024 को एस0आई0 श्री अक्षय कुमार सिंह थाना मोहनलालगंज द्वारा दौराने गस्त मय हमराही फोर्स के अभियुक्त 01-विशाल सिंह पुत्र बचान सिंह उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम बक्खाखेडा मऊ थाना मोहनलालगंज जनपद लखनऊ को सर्वजानिक स्थान ग्राम बक्खाखेड़ा थाना मोहनलालगंज जनपद लखनऊ से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 01 अदद बोतल आर0एस0 750ml, 08 अदद हाफ 375ml, 03 क्वार्टर आर0एस0 180ml, 04 क्वार्टर इम्पीरियल ब्लू 180ml, 07 क्वार्टर विंडीज यू0पी0 एम0एल0 (मसाला) प्रत्येक 200ml अवैध शराब व बिक्री के 2,700/- रूपये नगद बरामद कर थाना मोहनलालगंज पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

डी0सी0पी0दक्षिणी

110 (जी) सीआरपीसी की कार्यवाही।

थाना नगराम:- दिनांक-15.04.2024 को थाना नगराम द्वारा बताया गया कि प्रभारी निरीक्षक श्री विवेक कुमार चौधरी द्वारा दौराने चेकिंग व आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर अभियुक्त 1. सचिन कुमार पुत्र जय नारायण उम्र 20 वर्ष, 2. प्रदीप कुमार पुत्र अशोक कुमार उर्फ महेन्द्र निवासीगण ग्राम कलन्दर खेड़ा मजरा भौरा खुर्द थाना नगराम लखनऊ उम्र करीब 20 वर्ष, 3. पंकज सिंह यादव पुत्र महेश्वर पाल सिंह यादव निवासी ग्राम डुडवा खेड़ा मजरा समेसी थाना नगराम लखनऊ उम्र 28 वर्ष, 4. हंसराज उर्फ राज गुज्जर पुत्र रामस्वरुप निवासी ग्राम करोरा थाना नगराम लखनऊ उम्र 24 वर्ष, 5. लालता प्रसाद पुत्र स्व0 बाबूलाल निवासी ग्राम अकरहदू थाना नगराम लखनऊ उम्र 34 वर्ष, जो कि दबंग, मनबढ़ व दुस्साहसिक प्रवृति का व्यक्ति हैं जिस कारण आम जनता में भय व्याप्त है। अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना नगराम पर धारा 110(जी) सीआरपीसी की कार्यवाही की गई।

भा0द0वि0

थाना पारा/कृष्णानगर:- आज दिनांक 15.04.2024 को थाना कृष्णानगर द्वारा बताया गया कि श्री तेज प्रताप मो0-7521813113 लोकबन्धु श्री राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय, कानपुर रोड लखनऊ ने थाना कृष्णानगर पर एक किता मेमो इस आशय से दिया कि श्रीमती मीना सिंह पत्नी स्व0हरिन्द्र प्रताप सिंह निवासिनी न्यू श्रीनगर कालोनी थाना मानकनगर लखनऊ उम्र करीब 70 वर्ष को उनके दामाद विनय सिंह द्वारा दिनांक 14/15.04.2024 को समय 01.53 बजे रात्रि में लोकबन्धु श्री नारायण संयुक्त चिकित्सालय इमरजेंन्सी में मृत अवस्था में लाया गया। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री गजेन्द्र सिंह मो0न0- 9503709721 थाना कृष्णानगर द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतका मीना सिंह उपरोक्त वर्तमान समय में अपने दामाद विनय सिंह पुत्र स्व0 हरिवंश सिंह निवासी हंसखेडा थाना पारा लखनऊ के घर पर रह रही थीं। मृतका मीना उपरोक्त स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त थीं। **आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना विकासनगर:- आज दिनांक 15.04.2024 को थाना विकासनगर द्वारा बताया गया कि वादी श्री खुर्रम मेंहदी पुत्र स्व0 सै0 मो0 नजीर अब्बास निवासी म0न0 6/938 विकासनगर लखनऊ ने थाना विकासनगर पर सूचना दिया कि दिनांक 10.04.2024 को वादी अपने परिवार के साथ ईद का त्यौहार मनाने अपने पैतृक निवास स्थान शेख सराय पुराना सीतापुर गया था। दिनांक 13.04.2024 को दिन में समय करीब 12.00 बजे वादी अपने उपरोक्त निवास स्थान लखनऊ आया और नहा धोकर उसी दिन करीब समय 05.00 बजे वापस वादी अपने पैतृक स्थान शेख सराय जनपद सीतापुर वापस चला गया था। दिनांक 14.04.2024 समय करीब 03.30 बजे दिन में जब वादी पुनः फिर अपने परिवार के साथ वापस अपने निवास उपरोक्त जनपद लखनऊ आया। तो वादी ने देखा कि वादी की उपरोक्त घर का दरवाजा आधा खुला हुआ है, जिस पर वादी ने जब घर के अन्दर जाकर देखा तो कमरे में रखी अलमारी खुली हुई थी और सारा सामान बिखरा हुआ था। जब वादी द्वारा घर का सामान देखा गया कि वादी की अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। **इस सूचना पर थाना विकासनगर पर मु0अ0सं0 052/2024 धारा 380 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना कृष्णानगर:- आज दिनांक 15.04.2024 को थाना कृष्णानगर द्वारा बताया गया कि श्री तेज प्रताप लोकबन्धु श्री राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय, कानपुर रोड लखनऊ ने थाना कृष्णानगर पर एक किता मेमो इस आशय से दिया कि सुमिता वर्मा पत्नी राम भरोसे वर्मा निवासी नगर बिजनौर थाना बिजनौर लखनऊ उम्र 31 वर्ष को दिनांक 15.04.2024 को समय सुबह 06.53 बजे इमरजेंन्सी में मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री गजेन्द्र सिंह मो0न0- 9503709721 थाना कृष्णानगर द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि दिनांक 15.04.2024 को मृतका के परिजनों द्वारा बताया गया कि सुबह सुमिता वर्मा नहाने के लिए बाथरुम गयी थी, बाथरुम में लगे बल्ब से बिजली का करन्ट बाथरुम के दरवाजे पर आ गया जिसकी चपेट आने से सुमिता वर्मा उपरोक्त गम्भीर रुप से घायल हो गयी। जिन्हें इलाज हेतु लोकबन्धु श्री राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय पर लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा सुमिता वर्मा उपरोक्त को मृत घोषित कर दिया गया। मृतका के पति मजदूरी करते है।